# मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के प्रयासों से प्रधानमंत्री आवास योजना और शहरी के अंतर्गत 30 हजार 408 नए आवासों को मिली मंजूरी

जयपुर, 04 मार्च। केंद्र सरकार के शहरी विकास मंत्रालय की केंद्रीय स्वीकृत एवं निगरानी समिति की बैठक सोमवार को दिल्ली में आयोजित हुई। बैठक प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी के तहत नए आवासों को स्वीकृत किया गया। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के प्रयासों से राजस्थान में बीएलसी नवीन व अभिवृद्धि–ई घटक के अंतर्गत 30,408 नए आवासों को स्वीकृति दी गई है।

दिल्ली में हुई बैठक की अध्यक्षता शहरी आवास एवम विकास मंत्रालय के सचिव श्री मनोज जोशी ने की। इस अवसर पर मंत्रालय के संयुक्त सचिव श्री कुलदीप नारायण ने सभी राज्यों में योजना की प्रगति से अवगत करवाया तथा नए आवासों को मंजूरी भी दी गई। बैठक में सभी राज्यों के स्वायत्त शासन अधिकारियों ने वर्चुअल भाग लिया। राजस्थान से रुडसिको के कार्यकारी निदेशक श्री प्रकाशचंद्र शर्मा व अन्य अधिकारी शामिल हुए।

रुडसिको के कार्यकारी निदेशक ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के समय जब लोगों को पक्का घर बनवाने के लिए आवेदन करते हुए देखा और उनसे बातचीत की तो लोगों की जरूरतों का पता चला। इसको लेकर उन्होंने स्वायत्त शासन मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा और विभाग के अधिकारियों से चर्चा की। मंत्री श्री खर्रा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में लोगों को प्रोत्साहित किया और आवेदन करने का आग्रह किया। इसके बाद लोगों ने अपने पक्के मकान निर्माण कराने के लिए आवेदन किए। इस योजना के तहत केंद्र सरकार की ओर से प्रति लाभार्थी को 1-50 लाख का अनुदान दिया जाता है। इससे पहले राज्य के मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत द्वारा नए आवासों को स्वीकृत करने के लिए केंद्र सरकार से अनुशंसा की गई थी।

स्वीकृत किए गए आवासों के लिए कुल 456-12 करोड़ रुपए अनुदान प्राप्त होगा तथा प्रथम किश्त के रूप में 273-67 करोड़ रुपए की राशि राज्य को शीघ्र प्राप्त होगी।

---------

रवीन्द्र